# रामकृष्ण मिशन आश्रम नारायणपुर (छ0ग0)

## रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन का प्रारुप

छ.ग. शासन आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर के आदेश क्रमांक/एफ–16–37/2020/25–2 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 01/09/2023 के अनुसार रामकृष्ण मिशन आश्रम, नारायणपुर द्वारा संचालित विवेकानन्द आरोग्यधाम (30 बिस्तर अस्पताल) एवं 05 स्वास्थ्य केन्द्रों हेतु विभिन्न पदों पर सीधी भर्ती के माध्यम से भर्ती किया जाना है।

रिक्त पद एवं आरक्षण संबंधी जानकारी –

| रामकृष्ण मिशन विवेकानन्द आरोग्यधाम, नारायणपुर | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्र. | पदनाम | न्यूनतम शैक्षणिक एवं अन्य अर्हताएं | मैट्रिक्स लेवल | पद संख्या | आरक्षण |
| 1 | विशेषज्ञ (एनेस्थिसिया) | (1) संबंधित विषय विशेषज्ञता में स्नाकोत्तर उपाधि अथवा पत्रोपाधि (मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नाकोत्तर उपाधि अथवा पत्रोपाधि तथा भारतीय चिकित्सा परिषद से मान्यता प्राप्त हो)।<br>(2) अभ्यर्थी के डिग्री/डिप्लोमा का छत्तीसगढ़ या अन्य राज्यों के मेडिकल काउंसिल या भारतीय चिकित्सा परिषद (एमसीआई) में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य होगा। | कुल वेतन ₹ 2.25 लाख प्रतिमाह (लेवल–13 एवं प्रोत्साहन राशि) | 01 | 01 अ.ज.जा. |
| 2 | सहायक शल्य चिकित्सक | (1) एम.बी.बी.एस. उपाधि अथवा भारतीय चिकित्सा परिषद् द्वारा मान्यता प्राप्त समकक्ष उपाधि (समकक्ष उपाधि में केवल ऐलोपैथी पद्धति की उपाधि ही मान्य होगी)।<br>(2) छ.ग. मेडिकल काउंसिल में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है। अन्य राज्यों के मेडिकल काउंसिल में पंजीकृत आवेदकों को छ.ग. राज्य में सेवायें देने की स्थिति में 2 माह के भीतर छ.ग. मेडिकल काउंसिल में पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। | कुल वेतन ₹ 85 हज़ार से 1 लाख तक (लेवल–12 एवं प्रोत्साहन राशि) | 02 | 01 अ.ज.जा.<br>01 अ.पि.व. |
| 3 | दंत चिकित्सक | (1) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से B.D.S./M.D.S. उपाधि।<br>(2) अभ्यर्थी के डिग्री/डिप्लोमा का छत्तीसगढ़ या अन्य राज्यों के मेडिकल काउंसिल या भारतीय चिकित्सा परिषद (एमसीआई) में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य होगा। | एकमुश्त वेतन ₹ 25,000/– प्रतिमाह (Negotiable) | 01 | 01 अना. |
| 4 | स्टॉफ नर्स | (1) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी.एस.सी. नर्सिंग या पी.बी. बी.एस.सी. नर्सिंग या जनरल नर्सिंग एवं वरिष्ठ प्रसूति विज्ञान (सीनियर मिडवाईफरी) प्रशिक्षण उत्तीर्ण होना चाहिए।<br>(2) छ.ग. नर्सिंग कौंसिल में परिचारिका के रूप में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य होगा। | लेवल–06 | 03 | 03 अ.ज.जा. |
| 5 | लैब टेक्नीशियन | (1) 10+2 पद्धति में जीव विज्ञान विषय के साथ कक्षा 12वीं उत्तीर्ण होना चाहिए।<br>(2) पैथोलॉजी टेक्नीशियन का 01 वर्ष का प्रशिक्षण पाठ्यक्रम या मेडिकल पैथोलॉजी में डिप्लोमा होना चाहिए या अन्य समकक्ष डिप्लोमा होना चाहिए, जो पैरामेडिकल कौंसिल से पंजीयन हेतु मान्य हो।<br>(3) छ.ग. पैरामेडिकल कौंसिल से चिकित्सा प्रयोगशाला तकनीशियन के रूप में जीवित पंजीयन अनिवार्य होगा। | लेवल–07 | 01 | 01 अ.ज.जा. |
| 6 | फार्मासिस्ट ग्रेड–02 | (1) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से फार्मेसी कौंसिल से पंजीकृत औषधि निर्माण (फार्मेसी) में डिप्लोमा; तथा<br>(2) छ.ग. फार्मेसी कौंसिल से जीवित पंजीयन होना अनिवार्य होगा। | लेवल–06 | 01 | 01 अ.ज.जा. |

क्रमशः..................

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 7 | पट्टी बंधक | (1) 10+2 पद्धति में विज्ञान विषय के साथ कक्षा 12वीं उत्तीर्ण होना चाहिए।<br>(2) आर्थोपैडिक–कम ड्रेसर का पैरामेडिकल प्रशिक्षण उत्तीर्ण होना चाहिए।<br>(3) छ.ग. पैरामेडिकल कौंसिल से ड्रेसर के रूप में जीवित पंजीयन होना चाहिए। | लेवल–04 | 01 | 01 अ.ज.जा. |
| 8 | स्वास्थ्य कार्यकर्ता | (1) जीव विज्ञान विषय के साथ हायर सेकेण्डरी परीक्षा (10+2) उत्तीर्ण होना चाहिए।<br>(2) प्रशिक्षण केन्द्र से बहुद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता का 01 वर्षीय डिप्लोमा या समकक्ष प्रशिक्षण, जिसे राज्य शासन द्वारा मान्यता दी गई हो, उत्तीर्ण होना चाहिए।<br>(3) अभ्यर्थी को छत्तीसगढ़ पैरामेडिकल कौंसिल में जीवित पंजीयन होना चाहिए। | लेवल–04 | 07 | 05 अ.ज.जा.<br>01 अना.<br>01 अ.पि.व. |
| 9 | वार्ड कमीन (आया) | किसी मान्यता प्राप्त मण्डल से 8वीं कक्षा उत्तीर्ण | लेवल–01 | 01 | 01 अ.ज.जा. |
| 10 | वाहन चालक | (1) मान्यता प्राप्त बोर्ड/संस्था से 8वीं कक्षा उत्तीर्ण।<br>(2) हल्के/भारी वाहन चलाने का वैध ड्रायविंग लायसेंस।<br>(3) शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था /कार्यालय अथवा शासकीय अनुदान प्राप्त संस्था में वाहन चलाने का न्यूनतम एक पूर्ण वर्ष का अनुभव को प्राथमिकता। | लेवल–04 | 02 | 02 अ.ज.जा. |
| 11 | विद्युत मैन | इलेक्ट्रिशियन ट्रेड से आई.टी.आई. उत्तीर्ण प्रमाण पत्र। | लेवल–04 | 01 | 01 अना. |
| 12 | मैकेनिक (नल व्यवस्था) | फिटर ट्रेड से आई.टी.आई. उत्तीर्ण प्रमाण पत्र। | लेवल–04 | 01 | 01 अना. |

1. <u>सीधी भर्ती के लिए पात्रता की शर्तें</u> :– सीधी भर्ती में अभ्यर्थी को निम्नलिखित शर्तें पूरी करनी होंगी–

(एक) आयुः–

1. 01 जनवरी, 2023 को न्यूनतम आयु विशेषज्ञ (एनेस्थिसिया) हेतु 25 वर्ष पूरी कर ली हो तथा 35 वर्ष की आयु पूरी न की हो।
2. 01 जनवरी, 2023 को न्यूनतम आयु (सहायक शल्य चिकित्सक/दंत चिकित्सक) हेतु 21 वर्ष पूरी कर ली हो तथा 35 वर्ष की आयु पूरी न की हो।
3. 01 जनवरी, 2023 को न्यूनतम आयु (स्टॉफ नर्स/लैब टैक्नीशियन/फार्मासिस्ट ग्रेड–02/पट्टी बंधक/स्वास्थ्य कार्यकर्ता/वार्ड कमीन (आया)/वाहन चालक/विद्युत मैन/मैकेनिक (नल व्यवस्था)) हेतु 18 वर्ष पूरी कर ली हो तथा 35 वर्ष की आयु पूरी न की हो।
4. यदि अभ्यर्थी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर–क्रीमीलेयर) का हो, तो उच्चतर आयु सीमा अधिकतम 5 वर्ष तक शिथिलनीय होगी।
5. छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (महिलाओं की नियुक्ति के लिये विशेष उपबंध) नियम, 1997 के उपबंधों के अनुसार महिला अभ्यर्थियों के लिये, उच्चतर आयु सीमा अधिकतम 10 वर्ष तक शिथिलनीय होगी।
6. उपरोक्त संवर्गों के किसी एक या एक से अधिक आधार पर छूट प्राप्त करने के उपरांत, शासकीय सेवा में प्रवेश के लिए अधिकतम आयु 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी।
7. उपरोक्त के अतिरिक्त आयु सीमा के संबंध में शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय–समय पर जारी निर्देश भी लागू होंगे।

2. <u>निरर्हताएँ</u> :–

1. अभ्यर्थी की ओर से अपनी अभ्यर्थिता के लिए किन्हीं भी साधनों से समर्थन अभिप्राप्त करने के किसी भी प्रयास को, नियुक्तिकर्ता द्वारा चयन के लिए निरर्हित माना जा सकेगा।
2. कोई भी अभ्यर्थी, किसी सेवा या पद पर तब तक नियुक्त नहीं किया जाएगा जब तक कि उसे ऐसी स्वास्थ्य परीक्षा में, जो कि विहित की जाए, मानसिक या शारीरिक रूप से स्वस्थ तथा किसी मानसिक या शारीरिक दोष जो किसी सेवा या पद के कर्त्तव्य को पूरा करने में बाधा डाल सकता हो से मुक्त घोषित न कर दिया जाये :
   परन्तु आपवादिक मामलों में अभ्यर्थी को उसकी स्वास्थ्य परीक्षा के पूर्व किसी सेवा या पद पर इस शर्त के अधीन अस्थायी नियुक्ति दी जा सकेगी कि यदि वह चिकित्सीय रूप से अस्वस्थ पाया जाता है, तो उसकी सेवाएं तत्काल समाप्त की जा सकेंगी।

क्रमशः..................

3. कोई भी अभ्यर्थी, किसी सेवा या पद के लिए उस स्थिति में पात्र नहीं होगा, यदि नियुक्ति प्राधिकारी का, ऐसी सम्यक् जांच, जैसा कि वह आवश्यक समझें, के पश्चात् यह समाधान हो जाये कि वह अभ्यर्थी ऐसी सेवा या पद के लिए उपयुक्त नहीं है।
4. कोई भी अभ्यर्थी, जिसे महिलाओं के विरूद्ध किसी अपराध का सिद्ध दोष ठहराया गया हो, किसी सेवा या पद के लिए पात्र नहीं होगा :
   परन्तु यदि किसी अभ्यर्थी के विरूद्ध न्यायालय में ऐसे मामले लंबित हों, तो उसकी नियुक्ति का मामला तब तक लंबित रखा जायेगा जब तक कि उस आपराधिक मामले का न्यायालय द्वारा अंतिम विनिश्चय न कर दिया जाये।
5. कोई भी अभ्यर्थी, जिसने विवाह के लिए नियत की गई न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो , किसी सेवा या पद के लिए पात्र नहीं होगा।
6. छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 1961 में दिये गये प्रावधान एवं शासन द्वारा समय–समय पर जारी किये गये निर्देशों के अनुसार निरर्हताएँ, अभ्यर्थियों के लिए लागू होंगी।

3. <u>अभ्यर्थी की पात्रता के बारे में नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी का विनिश्चय अंतिम होगा</u> :–
   1. चयन के लिए अभ्यर्थी की पात्रता अथवा अन्यथा के संबंध में नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी का विनिश्चय अंतिम होगा।
   2. चयन प्रक्रिया के किसी समय पर अथवा नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी को चयन सूची भेजने के बाद भी, यदि नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी के संज्ञान में यह तथ्य आता है कि अभ्यर्थी ने असत्य जानकारी दी है अथवा उसके द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों में कोई विसंगति पायी गई है, तो वह निरर्हित हो जायेगा एवं उसका चयन/नियुक्ति, नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी द्वारा समाप्त कर दी जायेगी।

4. <u>पदों हेतु आरक्षण</u> :–
   1. सेवा में भर्ती के समय, छत्तीसगढ़ लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण) अधिनियम 1994 (क्रं. 21 सन् 1994) के उपबंध तथा उक्त अधिनियम के अधीन, शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय–समय पर जारी निर्देश भी लागू होंगे।

5. <u>चयन प्रक्रिया</u> :–
   1. **विशेषज्ञ (एनेस्थिसिया)** – पद हेतु लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा। अभ्यर्थियों का चयन लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार में प्राप्तांक के आधार पर किया जायेगा।
   2. **सहायक शल्य चिकित्सक** – पद हेतु लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा। अभ्यर्थियों का चयन लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार में प्राप्तांक के आधार पर किया जायेगा।
   3. **दंत चिकित्सक** – पद हेतु लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा। अभ्यर्थियों का चयन लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार में प्राप्तांक के आधार पर किया जायेगा।
   4. **स्टॉफ नर्स/लैब टैक्नीशियन/फार्मासिस्ट ग्रेड–02/पट्टी बंधक/स्वास्थ्य कार्यकर्ता/वार्ड कमीन (आया)/विद्युत मैन/मैकेनिक (नल व्यवस्था)** – पद हेतु लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थी का चयन लिखित परीक्षा में प्राप्तांक के आधार पर किया जाएगा।
   5. **वाहन चालक** – पद हेतु लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों में से कुल रिक्त पदों के 05 गुना अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षा हेतु आमंत्रित किया जाएगा। अंतिम चयन लिखित परीक्षा एवं कौशल परीक्षा में प्राप्तांक के आधार पर किया जायेगा।
   6. चयन हेतु भर्ती परीक्षा का आयोजन रामकृष्ण मिशन आश्रम, नारायणपुर द्वारा किया जायेगा। परीक्षा में भाग लेने के इच्छुक अभ्यर्थी रामकृष्ण मिशन आश्रम, नारायणपुर की वेबसाइट http://rkmnarainpur.org/, https://narainpur.rkmm.org/ का नियमित रूप से अवलोकन करते रहें।
   7. नियोक्ता प्राधिकारी द्वारा जारी चयन सूची, जारी दिनांक से 01 वर्ष के लिये वैध होगी।
   8. प्रतीक्षा सूची की वैधता 01 वर्ष के लिए वैध रहेगी।
   9. चयन के समय किसी पद पर समान अंक के अभ्यर्थी होने की स्थिति में जिस अभ्यर्थी की जन्मतिथि पहले की होगी उसका चयन किया जायेगा।

6. <u>परिवीक्षा</u> :–
   1. चयनित अभ्यर्थियों को वित्त निर्देश 21/2020 के अनुसार 03 वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर नियुक्ति किया जावेगा। वित्त निर्देश 21/2020 अनुसार परिवीक्षा अवधि पर उन्हें निम्नानुसार स्टाईपेन्ड देय होगा :–

| | | |
|---|---|---|
| प्रथम वर्ष | – | पद के वेतनमान न्यूनतम का 70 प्रतिशत |
| द्वितीय वर्ष | – | पद के वेतनमान न्यूनतम का 80 प्रतिशत |
| तृतीय वर्ष | – | पद के वेतनमान न्यूनतम का 90 प्रतिशत |

   परन्तु परिवीक्षा अवधि में स्टाईपेन्ड के साथ अन्य भत्ते प्राप्त होते रहेंगे।
   2. यदि कार्य असंतोषप्रद पाया जाता है, तो नियोक्ता द्वारा परिवीक्षा अवधि, अधिकतम एक वर्ष तक की अवधि के लिए बढ़ाई जा सकेगी।

क्रमशः..................

3. परिवीक्षा अवधि की कालावधि या बढ़ाई गई अवधि के दौरान या परिवीक्षा अवधि के अंत में यदि विभाग की राय में कोई विशिष्ट अभ्यर्थी, अधिकारी बनने के योग्य न हो, तो ऐसे परिवीक्षाधीन की सेवाएँ समाप्त की जा सकेंगी।

परिवीक्षा अवधि के संबंध में शासन द्वारा समय–समय पर जारी दिशा निर्देश लागू होंगे।

7. <u>अन्य निर्देश</u> :–

1. पदों की संख्या परिवर्तनीय है।
2. अभ्यर्थियों को छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी होना आवश्यक है।
3. चयन परीक्षा में छत्तीसगढ़ राज्य के सभी जिलों के अभ्यर्थी शामिल हो सकेंगे।
4. उपरोक्त विज्ञापित पदों के लिए की जाने वाली चयन उपरांत नियुक्ति माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली में दायर एस.एल.पी.(सी) क्रमांक 19668/2022 में पारित होने वाले अंतिम आदेश/निर्णय के अध्यधीन रहेगा।
5. ऑनलाईन आवेदन करने के पूर्व अभ्यर्थी नियम/निर्देशों का अवलोकन कर स्वयं सुनिश्चित कर लें कि उन्हें परीक्षा में सम्मिलित होने की पात्रता है अथवा नहीं। यदि कोई अभ्यर्थी परीक्षाफल घोषित होने के बाद भी अनर्ह पाया जाता है अथवा उसके द्वारा दी गई कोई भी जानकारी गलत पायी जाती है तो उसकी अभ्यर्थिता/चयन/नियुक्ति अमान्य/निरस्त किया जा सकेगा।
6. अभ्यर्थी को आवश्यक न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता एवं अन्य प्रमाण पत्र आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। विभाग द्वारा परीक्षाफल जारी होने की तिथि के पश्चात् प्राप्त अर्हता प्रमाण पत्र मान्य नहीं होंगे।
7. अभ्यर्थी को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थाई जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा अन्यथा विज्ञापन के तहत दर्शित छूट (आयु/आरक्षण) का लाभ प्राप्त नहीं होगा।
8. अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति के विवाहित महिला अभ्यर्थियों को अपने नाम के साथ पिता के नाम अंकित जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है, एवं तद्नुसार जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किये जाने पर इसे मान्य नहीं किया जाएगा।
9. यदि अभ्यर्थी छत्तीसगढ़ शासन के अधीन शासकीय विभाग/निगम/मण्डल/उपक्रम में कार्यरत हो अथवा भारत सरकार अथवा उनके किसी उपक्रम की सेवा में कार्यरत हो या राष्ट्रीकृत/अराष्ट्रीयकृत बैंक अथवा किसी भी विश्वविद्यालय में कार्यरत हो तो उन्हें नियुक्ति प्राधिकारी का अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा।
10. एक ही वर्ष में दो डिग्री के संबंध में निर्णय माननीय उच्च न्यायालय छ.ग. बिलासपुर में दायर याचिका WPS No. 209 of 2020 व अन्य याचिका में दिये गये निर्णय के अनुसार होगा।
11. मेरिट सूची के अनुसार अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन की सूचना एवं अन्य जानकारी संस्था के पोर्टल के माध्यम ऑनलाईन दी जायेगी। अभ्यर्थी नियमित रूप से संस्था के पोर्टल का अवलोकन करते रहेंगे।
12. परीक्षा की तिथि विभाग द्वारा पृथक से जारी की जायेगी।
13. ऐसे अभ्यर्थी जो एक से अधिक पद हेतु आवेदन करना चाहते है, उन्हें पृथक–पृथक आवेदन प्रस्तुत करना होगा।
14. सीधी भर्ती हेतु इच्छुक आवेदक अपने आवेदन ऑनलाईन माध्यम से दिनांक 08 सितंबर 2023 से 17 सितंबर 2023 रात्रि 11.59 बजे तक रामकृष्ण मिशन आश्रम की वेबसाइट http://rkmnarainpur.org/, https://narainpur.rkmm.org/ के माध्यम से भर सकते हैं।

सचिव
रामकृष्ण मिशन आश्रम, नारायणपुर

# रोजगार हेतु आवेदन पत्र

प्रति

सचिव
रामकृष्ण मिशन आश्रम
नारायणपुर (छत्तीसगढ़)

स्व प्रमाणित फोटो

विषय : .................................................................................. पद हेतु आवेदन पत्र ।

**महोदय,**

दैनिक समाचार पत्र ......................................................................में प्रकाशित विज्ञापन दिनांक ............................... के संदर्भ में आपकी संस्था में ........................................................................................पद हेतु आवेदन करना चाहता/चाहती हूँ । आपकी जानकारी हेतु मेरे बारे में निम्न विवरण प्रस्तुत हैं :–

1 पूरा नाम : ____________________

2 पिता/पति/अभिभावक का नाम ____________________

3 स्थाई पता (छ.ग. का मूल निवास होने का) ____________________
(फोन नंबर सहित) ____________________
पिन ____________ मोबाईल ____________

4 पत्र व्यवहार का पता फोन और पिन कोड सहित ____________________

5 (अ) जन्म तिथि ____________ (ब) जन्म स्थान ____________
(जन्म प्रमाण पत्र संलग्न करें)

6 (अ) राष्ट्रीयता ____________ (ब) धर्म हिन्दू/मुस्लिम/सिक्ख/ईसाई/जैन/बोद्ध/अन्य

7 जाति : अजा/अजजा/अपिव/अनारक्षित : ____________________
(जाति प्रमाण पत्र संलग्न करें)

8 वैवाहिक स्थिति : विवाहित/अविवाहित/तलाकशुदा/विधवा/विधुर/परित्यक्ता

9 यदि विवाहित हैं तो जीवित संतानों की संख्या : ____________________

10 शैक्षणिक योग्यता (अंक सूची/उत्तीर्ण प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित प्रति संलग्न करें)

| उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | विषय | बोर्ड/विश्व विद्यालय का नाम | उत्तीर्ण करने का वर्ष | प्राप्त अंकों का प्रतिशत | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | प्राप्तांक | पूर्णांक | प्रतिशत | रिमार्क |
| 1 पांचवी | – | | | | | | |
| 2 आठवीं | – | | | | | | |
| 3 दसवीं | – | | | | | | |
| 4 बारहवीं | | | | | | | |
| 4 स्नातक | | | | | | | |
| 6 स्नातकोत्तर | | | | | | | |
| 7 बी.एड/समकक्ष | | | | | | | |
| 8 टी.ई.टी. | | | | | | | |
| 9 कम्प्यूटर | | | | | | | |
| 10 बी.पी.एड./डी.पी.एड. | | | | | | | |
| 11 | | | | | | | |
| 12 | | | | | | | |

11 अनुभव हेतु पूर्व रोजगार का विवरण (प्रमाण पत्र संलग्न करें)

(अ) नियोक्ता का नाम : ____________________

(ब) पता : ____________________

(स) पदनाम ____________________

(द) सेवा अवधि (वर्ष में) : दिनांक ____ से ____ तक कुल ____ वर्ष

12 स्वास्थ्य स्थिति ? क्या किसी प्रकार की गंभीर बीमारी/रूग्णता थी/है ? यदि हाँ तो बीमारी की प्रकृति :

13 क्या आपका कोई रिश्तेदार इस संस्था में कार्यरत हैं अथवा था ? यदि हाँ तो विवरण दें

14 क्या आपको कोई न्यायालय द्वारा दोषी करार किया गया था या आपके विरूद्ध किसी न्यायालय में कोई आपराधिक मामले विचाराधीन हैं ? यदि हाँ तो विवरण प्रस्तुत करें

15 इस संस्था मे कार्यरत ऐसा कोई व्यक्ति का नाम व पदनाम (सम्बंधी/रिश्तेदार को छोड़कर) जो आपको जानता हो, यदि कोई हो तो

16 क्या आप पूर्व में कभी रामकृष्ण मिशन आश्रम, नारायणपुर में आवेदन किये थे ?

17 क्या आप पूर्व में कभी रामकृष्ण मिशन आश्रम, नारायणपुर में कार्यरत थे ? अगर हाँ तो छोड़ने का कारण संक्षेप में लिखे ।

18 शैक्षणिक योग्यता के अलावा अन्य कोई विषय में आपकी रूचि अथवा दक्षता हो, संक्षेप में लिखें ।

19 अन्य विवरण, यदि कोई हो (मध्यस्थों के विवरण सहित) :

घोषणा

मैं सत्यनिष्ठा के साथ घोषित करता/करती हूँ कि उपरोक्त जानकारियाँ सत्य हैं और मेरे द्वारा कोई भी जानकारी छिपाई नहीं गई है । मुझे ज्ञात है कि यदि सेवा के दौरान मेरे द्वारा दी गई जानकारियाँ गलत या असत्य पायी जाती हैं तो मुझे सेवा से पृथक कर दिया जायेगा ।

दिनांक :

स्थान

आवेदक का हस्ताक्षर

संलग्न दस्तावेजों की सूची

1

2

3

4

5

6

7

8

9

10

11

12

13

14

छत्तीसगढ़ में सरकारी नौकरी – वेकेंसी का सबसे भरोसेमंद वेबसाइट

गूगल में सर्च करें – माय वेकेंसी डॉट नेट ( **MyVacancy.net** )



# MyVacancy.net

**School / College - Admission / Course / Training / Exam/ Result**

व्हाट्सअप + टेलीग्राम ग्रुप से जुड़ने के लिए मैसेज करें **9303233188**

डायरेक्ट वेबसाइट में जाने के लिए इस पेज में कहीं भी क्लिक करें